# परिषद् द्वारा अनूपपुर जिले में चलाया गया ''जल रोको अभियान''

माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सूखे की स्थिति को देखते हुये प्रदेश में 15 सितम्बर से जल रोको अभियान चलाने हेतु आह्वान किया गया था। जिसके परिपालन में जन अभियान परिषद् द्वारा पूरे जिले में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से अब तक कुल 18 बोरी बंधान बनाये गये। जिसमें पुष्पराजगढ विकासखण्ड के ग्राम बसनिहा, भेजरी, शिवरी चंदास, कोहका (अचलपुर), तुलरा, विकासखण्ड कोतमा के ग्राम धुमकहाई, बसखला, बैहाटोला, थानगांव, गोहेण्ड्रा, कमरानटोला, नगारा बांध, भलमुडी, विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम पकरिहा, मनटोलिया, टांकी और विकासखण्ड जैतहरी के ग्रामपाली, अमगंवा आदि ग्रामों में बोरी बंधान बनाये गये।

कोतमा वि.ख. के ग्राम थान गांव में केवई नदी में कुल 218 बोरियों का बोरी बंधान कर सामुदायिक नेतृत्वकर्ता रजनी सिंह, विजय शर्मा, एवं सीमा मिश्रा ने श्रमदान कर पानी रोका, इस दौरान ग्रामीणों ने भी श्रमदान किया। इसी प्रकार ग्राम नगारा बांध में 64 बोरियों का बोरी बंधान हेदरा नाले पर बनाया गया, श्रमदान में सरपंच श्री जयसिंह एवं सामुदायिक नेतृत्वकर्ता श्री महेन्द्र यादव, श्री धर्मेन्द्र यादव एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में हुआ, इसी प्रकार ग्राम ग्राम रेउला में घोचरी नाले में 75 बोरियों का बोरी बंधान कर पानी रोका गया। श्रमदान में बीएसडब्ल्यू छात्र/छात्राओं में अजय शर्मा, लीलावती, पुष्पादेवी, कमलेश्वरी सिंह की भी सहभागिता रही।

अनूपपुर विकासखंण्ड में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पकरिहा एव बीएसडब्ल्यू छात्र/छात्राओं एवं मेन्टर्स के सहयोग से पटपर नाला में बोरी बंधान का कार्य किया गया, जिसमें कुल 85 बोरियों का इस्तेमाल किया गया। इसी प्रकार प्रस्फुटन समिति एव बीएसडब्ल्यू छात्र/छात्राओं के माध्यम से ग्राम टांकी के टांकी नाला में कुल 80 बोरियों का बोरी बंधान बनाया गया, ग्राम मन टोलिया में कुल 51 बोरियों का बोरी बंधान बनाया गया। उक्त बोरी बंधान कार्य में श्रमदान कार्य में स्थानीय ग्रामीण, संबंधित प्रस्फुटन समिति एवं बीएसडब्ल्यू छात्र/छात्राओं में नोहर सिंह, भीमसेन



सिंह, कुसुमबाई आदि ने श्रमदान किया।

विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ में ग्राम बसनिहा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा स्थानी मृगछाल नदी में कुल 50 बोरियॉ इस्तेमाल कर बोरी बंधान का कार्य किया, श्रमदान कार्य समिति सदस्यों के साथ मेन्टर्स उर्मिला सिंह द्वारा किया गया। ग्राम भेजरी में मेन्टर्स वर्षा रानी सिंह द्वारा बीएसडब्ल्यू छात्रों के साथ मिलकर स्थानीय डूमर नाला में 80 बोरियों का बोरी बंधान का कार्य किया। ग्राम तुलरा में मेन्टर्स रीना पात्रिक द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एवं सरपंच तुलरा के मार्गदर्शन में स्थानीय नदी में 80 बोरियों का बोरी बंधान का कार्य किया गया। इसके पूर्व रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने का भी प्रयास किया गया।

उपरोक्त सभी बोरी बंधान सामूहिक श्रमदान एवं मेहनत कर किये गये जिसमें किसी प्रकार की कोई धनराशि व्यय नही की गई है। पानी रोकने से ग्रामीणों को मवेशियो एवं अन्य कार्यों हेतु पानी की उपलब्धता हो रही है। इसके अतिरिक्त पानी खेतों की सिंचाई के काम भी आ रहा है।